आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अटठारहवीं किस्त जारी कर दी। इसके साथ ही देश भर के नौ करोड चालीस लाख से अधिक किसानों को डीबीटी के माध्यम से बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित हो गयी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में तीन बराबर किस्तों में भूमिधारक किसानों को सालाना छह हजार रुपये मिलते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश के दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक किसानों के खातो मे चार हजार नौ सौ पच्चासी करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गयी है।

****

महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुशीनगर में पुलिस ने छात्राओं के बीच पुलिस की पाठशाला का आयोजन कर के उन्हें महिला सुरक्षा संबंधी कई हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। जौनपुर में जिलाधिकारी डाक्टर दिनेश चन्द्र ने यूपी बोर्ड वर्ष दो हजार तेइस–चौबीस बैच की इंटरमीडिएट टॉपर छात्रा सेजल गुप्ता को अपनी कुर्सी पर बैठाकर जन समस्याओं का निस्तारण कराया। श्रावस्ती में भी बारहवीं की छात्रा रश्मि कसौधन और मऊ में सृष्टि सिंह को मिशन शक्ति के तहत एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया।

****

अयोध्या में रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। दर्शन करने के बाद मंदिर से सुग्रीव किला तक निकास मार्ग को अब स्थाई तौर पर विकसित किया जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि निकास मार्ग पर श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिये कैनोपी लगाने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि रामलला का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग डेढ़ किलोमीटर नंगे पैर चलना पड़ता था, अब यह दूरी कम की जाएगी।

****

मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा पाठयक्रमों मे प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को तीस सितंबर से बढ़ाकर चौदह नवंबर कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के लखनऊ क्षेत्रीय केन्द्र की प्रभारी डाक्टर हुमा याकूब ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी चौदह नवंबर तक पंजीकरण कराकर फीस जमा कर सकते हैं।

****

प्रदेश सरकार पच्चीस जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की प्रक्रिया पर काम कर रही है। बीस जिलों में कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है जबकि पांच जिलों– देवरिया, कुशीनगर, कानपुर देहात, सोनभद्र और पीलीभीत में भी निर्माण कार्य की मंजूरी मिल गयी है। इन जिलों मे राजकीय नर्सिंग कॉलेज खुल जाने से छात्रों को कम शुल्क पर नर्सिंग की पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

****

प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए ओ लेवल और ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करेगी। पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट पास और एक लाख रूपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले युवा इसके लिए पात्र होगें। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डाक्टर वंदना वर्मा ने बताया कि आवेदक दस अक्टूबर से तीस अक्टूबर तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑन लाइन अवेदन कर सकते हैं।

****

कुशीनगर जिले में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत आज खड्डा तहसील परिसर में वृद्धजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र की उपस्थिति में सांसद विजय कुमार दुबे और विधायक विवेकानंद मिश्र ने वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर, हियरिंग मशीन, चश्मा, कमर बेल्ट, बैसाखी, वाकर और छड़ी का वितरण किया।

****

नमामि गंगे संस्था की तरफ से आज वाराणसी में गंगा के घाटों को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिये महर्षि योगी वेद विज्ञान विद्यापीठ के छात्रों के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से गंगा नदी में पॉलिथीन और कपड़ों को विसर्जित न करने की अपील की गयी। अभियान के दौरान लोगों को नगर निगम द्वारा तैयार कराये गये कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया।

****

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से सम्बद्ध केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ ने केले की फसल में लगने वाले फंफूद जनित रोग फ्यूजेरियम विल्ड का इलाज खोज निकाला है। इससे देश के केला उत्पादक किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। हाल के कुछ सालों में केला उत्पादक क्षेत्रों में फंफूद जनित इस रोग का प्रकोप देखा गया था।

****

शारदीय नवरात्र में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ रही है। देवीपाटन मंदिर में दर्शन–पूजन के लिये पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जारी है। देवीपाटन शक्तिपीठ के नवरात्र मेले के लिये पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गोरखपुर गोंडा से होकर तुलसीपुर मार्ग पर मेला स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। परिवहन निगम की तरफ से भी कई स्थानों से स्पेशल बसों का संचालन किया जा रहा है।

****